Title: Reg: Menace of wild animals in Palamu Parliamentary Constituency.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) : मैं सरकार का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं। पलामू एवं गढ़वा जिला में आजकल जंगली जानवरों का आतंक इस कदर बढ़ा हुआ है कि लोग अपना घर द्वार छोड़कर एक जगह एकत्रित होकर रात गुजारने के लिए विवश हो गए हैं। गढ़वा जिला के रंका, रमकंडा, चिनियां, भंडरिया एवं बड़बड़ प्रखंड में एवं पलामू जिला के सतबरवा प्रखंड में तेंदुए का आतंक फैला हुआ है। तेंदुए द्वारा अब तक दो लोगों को मौत के घाट उतारा जा चुका है और एक व्यक्ति तथा एक बच्चा अस्पताल में इलाजरत है।

वन विभाग के द्वारा इस दिशा में प्रयास किया जा रहा है। तेंदुए को पकड़ने के लिए महाराष्ट्र से एक शिकारी को भी बुलाकर इस कार्य में लगाया गया है परंतु कोई लाभदायक परिणाम नहीं निकला है। स्थानीय वन विभाग के पदाधिकारियों का यह प्रयास नाकाफी है।

इसके साथ-साथ हाथियों के द्वारा भी बार-बार बड़गड़ एवं भंडरिया प्रखंड के निवासियों के घरों को गिरा दिया जा रहा है उनके घरों में रखे अनाज को खा लिया जा रहा है एवं फसलों को बर्बाद कर दिया जा रहा है।

नीलगायों का भी आतंक दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है खासकर हुसैनाबाद अनुमंडल एवं बिश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत। नीलगायों का प्रकोप तो इतना बढ़ गया है कि किसानों ने कई प्रकार की फसलों को उपजाना बंद कर दिया है क्योंकि वन विभाग के द्वारा क्षतिपूर्ति की जो राशि भी यदा-कदा दी जाती है वह अत्यंत कम होती है।

अतः मैं वन एवं पर्यावरण मंत्री जी से करबद्ध प्रार्थना है कि वे पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता को इन जंगली जानवरों के आतंक से मुक्ति दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने का कष्ट करें।